जेके पेपर का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 93.4 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली : जेके पेपर का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में 93.4 प्रतिशत उछलकर 109.57 करोड़ रुपये रहा। अच्छी बिक्री से कंपनी का लाभ बढ़ा है। जेके पेपर ने बंबई शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को इससे पूर्व वित्त वर्ष 2017-18 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 56.63 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय 2018-19 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 17.47 प्रतिशत बढ़कर 795.46 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी की आय 677.11 करोड़ रुपये थी।